राष्ट्रीय लोक अदालत बैंच के समक्ष
स्थान–कार्यालय सहायक कलेक्ट्रेट, मुख्यालय–टोंक

अध्यक्ष :– श्री पारस कुमार जैन (सेवानिवृत न्यायिक अधिकारी)
सदस्य :– श्रीमती शिप्रा जैन सहायक कलेक्टर, मुख्यालय–टोंक
याची/वादी/परिवादी :–बिरजू पुत्र मांगीलाल जाति ब्राहमण निवासी मालपुरा तह0 मालपुरा जिला टोंक
प्रतिवादी/प्रत्यार्थी–: न्यायालय तहसीलदार मालपुरा.

न्यायालय अतिरिक्त जिला कलेक्टर टोंक की पत्रावली संख्या :– 1/2020

उपस्थित :– श्री रामअवतार सोनी अभिभाषक अपीलान्ट
श्री सै0 मजहर आलम पेरोकार सरकार

अधिनिर्णय

दिनांक 12.03.2022

पक्षकारों के बीच विवाद राष्ट्रीय लोक अदालत के अवधारणा के लिए निर्दिष्ट किया गया है और पक्षकारों ने मामले पर समझौता कर लिया है, परिनिर्धारण के निबंधनों के अनुसार निम्नलिखित अधिनिर्णय पारित किया गया है :–

अपील का संक्षिप्त में सार इस प्रकार है कि अधिनस्थत न्यायालय तहसीलदार, मालपुरा ने अपने निर्णय दिनांक 25.7.2019 के द्वारा अपीलांट को राजकीय भूमि खसरा नम्बर 1336/206 कुल रकबा 1बीघा 10 बीस्वा किस्म गै0मु0 रास्ता वाके ग्राम बृजलालनगर तहसील मालपुरा में राजकीय भूमि पर पश्चातवर्ती अतिक्रमण मानते हुए भूमि से बेदखल करने, 75 रूपये पेनल्टी कायम कर 90 दिवस के सिविल कारावास की सजा से दण्डित किया गया है।

अपीलांट ने अतिक्रमित भूमि पर कब्जा नहीं होने कब्जा छोडने व भविष्य में भूमि पर कब्जा नहीं करने का शपथ–पत्र पेश किया है।परोकार सरकार भी सहमत है कि यदि वादी ऐसा करता है तो सजा माफ किया जावे। अतः राष्ट्रीय लोक अदालत की भावना को मध्यनजर रखते हुए अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार कर तहसीलदार–मालपुरा द्वारा पारित निर्णय दिनांक 01.12.2021 से अपीलांट को दी गई सिविल कारावास की सजा अपास्त की जाती है, शेष निर्णय यथावत रहेंगा। यदि भविष्य में पुनः अतिक्रमण करता है तो उसके लिए भू–राजस्व अधिनियम के साथ भारतीय दण्ड संहिता में भी मुकदमा दर्ज करवाया जा सकेगा।

सदस्य
शिप्रा जैन
लोक अदालत
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
टोंक (राज०)

12/3/2022
अध्यक्ष
पारस कुमार जैन
अध्यक्ष
लोक अदालत
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
टोंक (राज)

Signature Not Verified
Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2022.05.16 16:27:49 IST
Reason: SelfAttested